Need to reconstruct and develop Shahjahanpur Railway Station-laid

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है जिसका पुनर्निर्माण कार्य होना अत्यंत की आवश्यक है। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन की 25% आबादी मुख्य द्वार की तरफ तथा शेष 75% आबादी द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ है। वर्तमान में रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार की ओर संकरी पतली रास्ता होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस कारण से मुख्य द्वार की तरफ आए दिन जाम की समस्या भी बनी रहती है। ठीक इसके विपरीत रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग के द्वितीय प्रवेश द्वार माल गोदाम रोड की तरफ चौड़ा रास्ता एवं आवागमन की बेहतर सुविधा है। यदि रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित किया जाए तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ तेल टंकी से लेकर ढाका लाल रेलवे कॉलोनी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य कराया जाए तो जनपद के लोगों को रेलवे की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अतः मेरा सरकार से जनहित में अनुरोध है कि जनपद शाहजहांपुर के नगर निगम घोषित होने के पश्चात विकास एवं जनता की सुविधाओं की दृष्टिगत मुख्य द्वार को द्वितीय प्रवेश द्वार की तरफ स्थानांतरित करने तथा द्वितीय प्रवेश द्वार की रोड निर्माण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जाए।